पत्र सं0–13 / बायो0–13–01 / 2024................../

**बिहार सरकार**

**जल संसाधन विभाग**

प्रेषक,

ब्रजेश मोहन,
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

सेवा में,

सभी मुख्य अभियंता,
सभी अधीक्षण अभियंता,
सभी कार्यपालक अभियंता,
जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना।

पटना, दिनांक–

विषयः– श्री वृन्द कुमार लालदेव, पिता–श्री झारी लालदेव, तत्कालीन कनीय अभियंता (आई0डी0 सं0–जे0 8390), विशेष प्रमंडल, सीतामढ़ी (ग्रामीण कार्य विभाग) सम्प्रति सेवानिवृत, ग्राम–उज्जैना, भाची, जिला–दरभंगा के अंतिम / सेवानिवृत कार्यालय की सूचना उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंगः– विभागीय ज्ञापांक–1874 दिनांक 09.04.2026 (छायाप्रति संलग्न)

महोदय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र द्वारा श्री वृन्द कुमार लालदेव, पिता–श्री झारी लालदेव, तत्कालीन कनीय अभियंता (आई0डी0 सं0–जे0 8390), विशेष प्रमंडल, सीतामढ़ी (ग्रामीण कार्य विभाग) सम्प्रति सेवानिवृत, ग्राम–उज्जैना, भाची, जिला–दरभंगा के विरूद्ध ग्रामीण कार्य विभाग में पदस्थापन अवधि के दौरान विशेष प्रमंडल, सीतामढ़ी के अंतर्गत डुमरा प्रखंड के फतहपुर, गिरमिशानी में सिंचाई हेतु नहर की उड़ाही एवं मो0 मियाँ के घर से लखनदेई नदी जानेवाली पथ में टूटान की मरम्मति एवं जीर्णोद्वार कार्य के क्रियान्वयन में बरती गयी अनियमितता के आरोप हेतु श्री लालदेव के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही संचालित रहने के कारण अपने अधीनस्थ कार्यालय में संधारित अभिलेख की जाँच करते हुए श्री लालदेव के अंतिम / सेवानिवृत कार्यालय की सूचना एक सप्ताह के अन्दर ईमेल (undersecretary3.wrd@gmail.com) के माध्यम से विभाग को उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया था, जिसके आलोक में कतिपय मुख्य अभियंता / अधीक्षण अभियंता / कार्यपालक अभियंता के स्तर से सूचना / प्रतिवेदन प्राप्त है, जबकि शेष कार्यालयों से पत्र अप्राप्त है।

अतएव पुनः अनुरोध है कि अपने कार्यालयों में संधारित अभिलेख / स्थापना से संबंधित संचिकाओं का अवलोकनोपरांत श्री वृन्द कुमार लालदेव, पिता–श्री झारी लालदेव, तत्कालीन कनीय अभियंता (आई0डी0 सं0–जे0 8390), विशेष प्रमंडल, सीतामढ़ी (ग्रामीण कार्य विभाग) सम्प्रति सेवानिवृत, ग्राम–उज्जैना, भाची, जिला–दरभंगा के सेवानिवृत्ति कार्यालय की सूचना की उपलब्धता / अनुपलब्धता से संबंधित प्रतिवेदन दिनांक 15.05.2026 के पूर्व विभाग को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

**मामला निगरानी से संबंधित है, ऐसी स्थिति में श्री लालदेव से संबंधित वांछित सूचना निर्धारित तिथि के उपरांत भविष्य में सूचित / प्रतिवेदित किये जाने की स्थिति में मामला कालबाधित होने पर संबंधित मुख्य अभियंता / अधीक्षण अभियंता / कार्यपालक अभियंता के विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनिक / विभागीय कार्यवाही की अनुशंसा की जायेगी।**

अनु0–यथोक्त।

विश्वासभाजन

ह0 / –
(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांक – पटना / दिनांक –

प्रतिलिपिः– उप सचिव (निगरानी), प्रशाखा–23, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

**कृ0पृ0उ0**

a



ज्ञापांक – 2404 पटना / दिनांक – 8/5/26

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0टी0, सूचना प्रावैद्यिकी केन्द्र, जल संसाधन विभाग, पटना को संबंधित पदाधिकारी के ईमेल पता पर अनुलग्नक सहित भेजने एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

05/5/26

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

538

# बिहार सरकार
## जल संसाधन विभाग

सं0सं0–13/बायो0–13–01/2024

### प्रेस विज्ञप्ति

श्री वृन्द कुमार लालदेव, पिता–श्री झारी लालदेव, तत्कालीन कनीय अभियंता (आई0डी0 सं0–जे0 8390), विशेष प्रमंडल, सीतामढ़ी (ग्रामीण कार्य विभाग) सम्प्रति सेवानिवृत, ग्राम–उज्जैना, भाची, जिला–दरभंगा के विरूद्ध ग्रामीण कार्य विभाग में पदस्थापन अवधि के दौरान विशेष प्रमंडल, सीतामढ़ी के अंतर्गत डुमरा प्रखंड के फतहपुर, गिरमिशानी में सिंचाई हेतु नहर की उड़ाही एवं मो0 मियाँ के घर से लखनदेई नदी जानेवाली पथ में टूटान की मरम्मति एवं जीर्णोद्धार कार्य के क्रियान्वयन में बरती गयी अनियमितता के लिए श्री लालदेव के विरूद्ध लंबित विभागीय कार्रवाई के निष्पादन एवं ACP/MACP पर निर्णय लिये जाने हेतु श्री लालदेव के अंतिम पदस्थापन/सेवानिवृत्त कार्यालय/विभाग की सूचना स्पष्ट नहीं हो पा रही है। श्री लालदेव के अंतिम पदस्थापन/सेवानिवृत्त कार्यालय/विभाग की सूचना विभाग को उपलब्ध कराने हेतु विभागीय पत्रांक–6370 दिनांक 19.11.2025 एवं पत्रांक–6810 दिनांक 11.12.2025 द्वारा डाक से श्री लालदेव के पते पर पत्र प्रेषित करते हुए निदेशित किया गया। साथ ही विभागीय विशेष दूत द्वारा यह प्रतिवेदित किया गया कि श्री लालदेव विगत 5–6 वर्षों से अपने पैतृक निवास स्थल पर अवस्थित नहीं है एवं श्री लालदेव का घर ताला–बंद मिला है।

अतएव इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से श्री वृन्द कुमार लालदेव, पिता–श्री झारी लालदेव, तत्कालीन कनीय अभियंता (आई0डी0 सं0–जे0 8390), विशेष प्रमंडल, सीतामढ़ी (ग्रामीण कार्य विभाग) सम्प्रति सेवानिवृत, ग्राम–उज्जैना, भाची, जिला–दरभंगा को सूचित किया जाता है कि उक्त के संबंध में 15 (पंद्रह) दिनों के अन्दर अपना अद्यतन बायोडाटा के साथ ही अंतिम पदस्थापन/सेवानिवृत्त कार्यालय/विभाग की सूचना मनीष आनंद, अवर सचिव (प्रबंधन)–03, जल संसाधन विभाग, सिंचाई भवन, पटना के कोषांग में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर/डाक के माध्यम से/ईमेल (undersecretary3.wrd@gmail.com) के माध्यम से अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय, ताकि आपके विरूद्ध लंबित विभागीय कार्रवाई/ACP/MACP का निष्पादन ससमय किया जा सकें, विलम्ब की स्थिति में यह माना समझा जाएगा कि इस संबंध में आपको कुछ नहीं कहना है एवं विभाग उपलब्ध अभिलेख/साक्ष्य के आधार पर एक पक्षीय कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र होगा।

M.l.A. 08/04/26
(मनीष आनंद)
अवर सचिव (प्रबंधन)।

ज्ञापांक – 1874 पटना/दिनांक – 9/4/26

प्रतिलिपिः– जन संपर्क पदाधिकारी, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. अनुरोध है कि उक्त आवश्यक सूचना देश एवं राज्य के प्रमुख हिन्दी एवं अंग्रेजी समाचार पत्रों में दो दिनों तक प्रकाशित करवाने के साथ–साथ कृत्त कार्रवाई से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराने की कृपा की जाय।

M.l.A. 08/04/26
अवर सचिव (प्रबंधन)।

ज्ञापांक – 1874 पटना/दिनांक – 9/4/26

प्रतिलिपिः– उप सचिव (निगरानी), प्रशाखा–23, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

M.l.A. 08/04/26
अवर सचिव (प्रबंधन)।

कृ0पृ0उ0

537

ज्ञापांक – 1874 पटना/दिनांक – 9/4/26

प्रतिलिपिः– सभी मुख्य अभियंता/अधीक्षण अभियंता/कार्यपालक अभियंता, जल संसाधन विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. अनुरोध है कि श्री वृन्द कुमार लालदेव, पिता–श्री झारी लालदेव, तत्कालीन कनीय अभियंता (आई0डी0 सं0–जे0 8390), विशेष प्रमंडल, सीतामढ़ी (ग्रामीण कार्य विभाग) सम्प्रति सेवानिवृत, ग्राम–उज्जैना, भाची, जिला–दरभंगा के सेवानिवृत कार्यालय की सूचना हेतु अपने कार्यालय में जाँच करते हुए तत्संबंधी सूचना उपलब्ध होने की स्थिति में ईमेल (undersecretary3.wrd@gmail.com) के माध्यम से विभाग को एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

08/04/26
अवर सचिव (प्रबंधन)।

ज्ञापांक – 1874 पटना/दिनांक – 9/4/26

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0टी0, सूचना प्रावैद्यिकी केन्द्र, जल संसाधन विभाग, पटना को संबंधित पदाधिकारियों के ईमेल पर भेजने हेतु प्रेषित।

2. अनुरोध है कि विभागीय वेबसाईट पर उक्त सूचना का प्रकाशन नोटिस एवं बुलेटिन के रूप में 15 दिनों तक आवश्यक रूप से प्रदर्शित किया जाय।

08/04/26
अवर सचिव (प्रबंधन)।